तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 15 जुलाई 2025

4 कलेक्टर ने चेताया: धान खरीदी से पहले पूर्ण हो जाए फार्मर रजिस्ट्री





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

# ये कैसा मेडिकल कॉलेज! संडे को इलाज भी 'छुट्टी' पर

## सरकारी छुट्टी मरीज की मजबूरी, मेडिकल कॉलेज बना वीकेंड हॉस्पिटल





हरिभूमि न्यूज ⏭ संतोष साव

मेडिकल कॉलेज जैसे संस्थान का उद्देश्य होता है 24x7 स्वास्थ्य सुविधा देना लेकिन रायगढ़ के सरकारी मेडिकल कॉलेज में संडे यानी रविवार को इलाज भी छुट्टी पर चला जाता है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे यह कोई सरकारी दफ्तर हो, जहां सप्ताहांत में ताले लग जाते हैं और मरीजों की परेशानियों का कोई मोल नहीं। रविवार के दिन न तो ओपीडी खुलती है न ही किसी विभाग में डॉक्टर या नर्सिंग स्टाफ पूरी संख्या में मौजूद होते हैं। मरीज सुबह से इंतजार करते हैं कि शायद कोई डॉक्टर देख ले। लेकिन लेकिन जवाब मिलता है. आज तो हॉलीडे है कल आइए। गंभीर बात यह है कि कई बार ऐसे मरीज भी लौटा जाते हैं जिन्हें तत्काल इलाज की जरूरत होती है। इससे मरीजों में नाराजगी और प्रशासन पर अविश्वास बढ़ता जा रहा है। मरीजों का कहना है कि यह मेडिकल कॉलेज है या फिर सरकारी छुट्टियों का दफ्तर स्वास्थ्य सेवाएं अगर हफ्ते में सिर्फ 5 दिन ही चलेंगी तो फिर इसे मेडिकल कॉलेज कहना बेमानी है। कॉलेज और अस्पताल प्रबंधन इस पर ध्यान कभी नहीं देता। इसलिए मरीजों की आफत बढ़ रही है।

### मासूम को गोदी में लेकर डेढ़ घंटे तक उपचार के लिए भटकते रहे

**केस 1** कोतरा रोड निवासी अंजू साहू और उसका पति बलराम साहू अपनी डेढ़ साल की बेटी डिंपल साहू का इलाज कराने एमरजेंसी वार्ड के बाहर डेढ़ घंटे से बैठे थे। अंजू साहू की गोद में डिम्पल रो रही थी। जब हमने बच्ची के रोने का कारण पूछा तो अंजू ने बताया कि बेटी ने कान में माचिस की तिली को भर दिया है। जानकारी मिलने के तत्काल बाद वे उसे मेडीकल कॉलेज लेकर पहुंचे, लेकिन यहां ओपीडी खुली नहीं मिली।

### तीन दिन से बिना इलाज के भर्ती है लकवा का मरीज

**केस 2** बरमकेला क्षेत्र के रहने वाले 70 वर्षीय कलिंद्र सोना को लकवा की शिकायत है। शुक्रवार को मरीज की परेशानी बढ़ गई तो परिजन उसे मेडीकल कॉलेज लेकर आए हैं। लेकिन यहां मरीज का इलाज सिर्फ इसलिए नहीं हो पा रहा है क्योंकि मरीज का स्मार्ट कार्ड लॉक है। स्मार्ट कार्ड लॉक है इसलिए मरीज बिना इलाज के बिस्तर में पड़ा हुआ है। रविवार को भी उसका इलाज नहीं हो सका।

### लीवर के मरीज को घंटों तक भटकना पड़ा

**केस 3** खरसिया क्षेत्र के बेंदो झरिया का रहने वाला साहनी राम साहू लीवर का मरीज है। लीवर डैमेज हो जाने से परिजन रविवार को मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। लेकिन उन्हें भी यहां घंटों तक भटकना पड़ा। मरीज चल नहीं पा रहा थाए फिर भी उसे गेट से इमर्जेंसी वार्ड तक चलकर जाना पड़ा। हालत खराब होने की वजह से मरीज रास्ते में बैठ जाता था। मगर अस्पताल से उसे मदद नहीं मिली।

## खबर संक्षेप

### हाथी के हमले से ग्रामीण घायल, इलाज जारी

**रायगढ़।** शराब के नशे में सड़क पर सो रहे ग्रामीण पर हाथी ने हमला कर दिया। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। उसे लैलूंगा अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टर ने रायगढ़ रेफर कर दिया है, घटना लैलूंगा रेंज की है। जानकारी के अनुसार ग्राम आमापाली निवासी आनंदराम उरांव रविवार की रात शराब के नशे में घर से करीब 50 मीटर दूर सड़क पर सो गया। देर रात जंगल से निकलकर एक हाथी वहां पहुंचा और अचानक उस पर हमला कर दिया। इससे आनंदराम जाग गया और किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि लैलूंगा रेंज के बगुडेगा क्षेत्र में करीब 15-16 हाथी विचरण कर रहे हैं। यह हाथी अकेला जशपुर की ओर से शनिवार को आया था। जिसके बाद वन विभाग उसकी निगरानी कर रही है। वहीं आसपास के गांव में मुनादी भी करा दी गई थी। घायल ग्रामीण को वन विभाग की ओर से तात्कालिक सहायता राशि दे दी गई है।

### अवैध गांजा परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई

**सरिया।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती निमिषा पाण्डेय एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सारंगढ़ अविनाश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रमोद यादव के नेतृत्व मुखबीर सुचना पर थाना सरिया मेन रोड में घेराबंदी कर ओड़िशा से मोटर सायकल में आ रहे 2संदिग्ध व्यक्तियों के कब्जे से सफेद थैला में रखा हुआ 5 पैकेट मादक पदार्थ गांजा कुल 5 किलो 280 ग्राम एवं घटना मे प्रयुक्त 2 नग मोबाईल एवं एक डिस्कवर मोटर सायकल जुमला किमती लगभग 90 हजार रुपए को जप्त कर धारा 20 बी ए के तहत विधिवत कार्यवाहीकर आरोपीगण के विरूद्ध थाना सरिया में धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीगणों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### कलेक्टर ने स्कूल, आश्रम का किया निरीक्षण

**सारंगढ़।** उप तहसील मुख्यालय कोसीर के समीप भाठागांव के अनुसूचित जाति प्राथमिक बालक आश्रम और प्राथमिक शाला का कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने आश्रम में बच्चों का दाखिला, भोजन व्यवस्था, राशन भंडार आदि की जानकारी लेकर आश्रम परिसर का अवलोकन किया और अधीक्षक को बच्चों का बेहतर ख्याल रखने के निर्देश दिए।

## मंदिर के भीतर से बाबा के मुकुट, कुंडल, हार, छत्र व नकदी रकम पार

# श्याम के दरबार से 25 लाख की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रवि और सोमवार की दरमियानी रात अज्ञात चोर ने शहर के बीच स्थित श्याम मंदिर में धावा बोलते हुए बाबा के दरबार से सोने का मुकुट, कुंडल, हार, चांदी का छत्तर व नकदी सहित कुल 25 लाख रुपए के आभूषणों को पार कर दिया है। इस घटना के बाद कोतवाली पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल उठने लगे हैं। अज्ञात चोर द्वारा 10 मिनट के भीतर इस वारदात को अंजाम दिया गया है। हालांकि आरोपी की पतासाजी के लिए पुलिस टीम जुटी हुई है।

दरअसल श्याम मंदिर के सहायक पुजारी अमित शर्मा सोमवार की सुबह मंदिर आए तो देखा कि बाहर के स्टील गेट में ताला लगा हुआ था। ताला खोलकर अंदर प्रवेश किए तो देखा कि मेन गेट में लगा लोहे और लकड़ी का ताला टूटा हुआ था। ऐसे में किसी अनहोनी की आशंका से उन्होंने श्याम मंडल कमेटी प्रबंधन को इसकी सूचना दी। इसके बाद समिति के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और अंदर जाकर देखा तो श्याम बाबा के सोने का मुकुट, कुंडल, स्वर्णजड़ित हार, चांदी के चार बड़े-बड़े छत्तर गायब थे और दानपेटी टूटा हुआ था। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस, एसपी, सीएसपी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया। पुलिस का कहना है कि नकदी और आभूषण मिला कर करीब 25 लाख की चोरी हुई है, जबकि श्याम मंडल प्रबंधन इसे करीब 40 लाख की चोरी बता रहा है। फिलहाल पुलिस अज्ञात आरोपी की पतासाजी में जुटी हुई है।



### पुलिस ने मीना बाजार से चार को हिरासत में लिया

मौके पर पहुंची स्नीफर डॉग रूबी मंदिर से निकल कर शराब दुकान, मालधक्का होते हुए सावित्री नगर में लग रहे मीना बाजार के पास पहुंची। जहां पुलिस टीम द्वारा यहां बाहर से आए कर्मचारियों को लाइन से खड़ा किया। तब डॉग रूबी ने चार अलग-अलग लोगों के उपर चढ़ कर उनका हाथ दांत से पकड़ा, जिससे पुलिस ने संदेह के आधार पर चारों को हिरासत में लिया है, जिनसे कड़ी पूछताछ की जा रही है।

### मंदिर में सिक्यूरिटी गार्ड की उठ रही मांग

श्याम मंदिर में चोरी की घटना से लोगों की आस्था को ठेस पहुंचा है। लोगों द्वारा यह कहा जा रहा है कि मंदिर में सोने-चांदी के इतने आभूषण होने के बाद भी श्याम मंडल समिति द्वारा यहां सिक्यूरिटी गार्ड की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि मंदिर में इससे पहले भी चोरी हो चुकी है, इसके बाद भी समिति ने सबक नहीं ली, जिसका खामियाजा शहरवासियों के सामने है। अगर यहां गार्ड की व्यवस्था होती तो शायद चोर अपने मंसूबे पर कामयाब नहीं हो पाता।

श्याम मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है। जिसमें दानपेटी व मंदिर से सोने-चांदी का आभूषण पार हुआ है। पुलिस की विशेष टीम गठित कर आरोपियों की लगातार पतासाजी की जा रही है।

**दिव्यांग पटेल**
एसपी, रायगढ़।

रात करीब डेढ़ बजे मंदिर में चोरी की घटना घटित हुई है। अज्ञात चोर द्वारा श्याम बाबा का मुकुट, कुंडल, हार, चांदी के छत्तर, नकदी सहित अन्य सामान पार कर दिया गया है। मंदिर से करीब 40 लाख की चोरी हुई है। आरोपी को पकड़ने पुलिस टीम लगी हुई है।

**बजरंग अग्रवाल,** अध्यक्ष, श्याम मंडल।



### कैमरे से बचने खुद को प्लास्टिक से ढंका

यह पूरी वारदात श्याम मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। एक पतला-दुबला सा चोर रात करीब 1.25 बजे मंदिर में प्रवेश करता है और लोहे के सब्बल के सहारे चोरी की वारदात को अंजाम देता है। सीसीटीवी से पहचान छिपाने के लिए वह अपने उपर एक सफेद रंग का प्लास्टिक ढका हुआ है, साथ ही मुह पर भी मास्क की तरह कपड़ा बांधा हुआ है। अज्ञात चोर 10 मिनट में मंदिर से हाथ साफ कर करीब 1.35 बजे आराम से भाग निकलता है।

### पुलिस की नाइट गश्त पर उठ रहे सवाल

दरअसल श्याम मंदिर नगर निगम, संजय मार्केट, गांधी गंज जैसे इलाकों से घिरा हुआ है। यह इलाका 24 घंटे हलचल वाला है। यहां अधिकांश घरों और प्रतिष्ठानों में कैमरे लगे हैं। इतना ही नहीं कोतवाली थाना भी मंदिर से करीब 700 मीटर की दूरी पर है। इसके बाद भी चोर के हौसले को देख ऐसा लगता है कि उसे पुलिस का खौफ ही नहीं है। इसके अलावा बीच शहर में इस तरह की वारदात होने से कोतवाली पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवाल उठने लगे हैं।



# महिलाओं समेत 7 को बेरहमी से पीटा

## प्रयागराज से लौट रहे परिवार पर हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां प्रयागराज से अस्थि विसर्जन कर लौट रहे एक ही परिवार के महिलाओं समेत 7 सदस्यों को 6 लोगों ने बेरहमी से पीटा। यह विवाद एक कार की टक्कर के बाद शुरू हुआ, जिसमें पीड़ितों के हाथों में फ्रैक्चर, आंखों और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। दरअसल ग्राम लिबरा निवासी कुमारी सिदार (56) ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि शुक्रवार को वे अपने ससुर के अस्थि विसर्जन के लिए प्रयागराज गए थे। उनके साथ रतन कुंवर, बूंद कुंवर, पुनी बाई, नेहरू सिदार, नारद सिदार और ड्राइवर मिनकेतन सिदार भी थे। रविवार सुबह जब वे अर्टिगा कार से वापस लौट रहे थे और डोलेसरा पहुंचे तो सामने से आ रही एक कार के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी कार को टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद, दूसरी कार का चालक प्रकाश पटनायक तुरंत बाहर आया और अर्टिगा चालक मिनकेतन सिदार को गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जब महिलाएं गाड़ी से उतरकर प्रकाश को समझाने लगीं तो वह और भड़क गया। उसने अपने साथी वरुण सिदार और अन्य 5-6 लोगों को फोन कर बुला लिया। इसके बाद सभी आरोपियों ने लात-घूसों, डंडे और चप्पलों से महिलाओं और अन्य सदस्यों के साथ मारपीट शुरू कर दी।

### इनको आई है चोट

इस हमले में कुमारी सिदार की कलाई, रतन कुंवर के हाथ और बूंद कुंवर के हाथ में चोटें आईं है। जबकि पुनी बाई की आंख, नेहरू सिदार की कनपटी, नारदी सिदार के सिर, मिनकेतन के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई है। गांव के अन्य लोगों द्वारा बीच-बचाव के बाद मामला शांत हुआ। घटना के बाद कुमारी सिदार और अन्य घायल तमनार थाना पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

### छाल थाना में गुंडा, बदमाशों की परेड, थाना प्रभारी ने दी सख्त हिदायत

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के स्पष्ट निर्देश पर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए 13 जुलाई को थाना छाल में विशेष कार्रवाई के तहत थानाक्षेत्र के चिन्हित गुण्डा बदमाशों को तलब कर थाना बुलाया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा यह कार्रवाई पूर्व नियोजित थी, जिसके तहत पहले उप निरीक्षक मदन पटेल और थाना स्टाफ के माध्यम से सभी चिन्हित व्यक्तियों की वर्तमान आजीविका, गतिविधियों और व्यवहारिक स्थिति की जानकारी जुटाई गई थी। थाना बुलाए गए सभी गुण्डा बदमाशों को थाना प्रभारी त्रिपाठी ने सख्त लहजे में हिदायत दी कि वे क्षेत्र की शांति व्यवस्था में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न करेंए न ही किसी अवैध गतिविधि में संलिप्त रहें। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति स्वयं में सुधार लाकर समाज के हित में कार्य करता हैए तो पुलिस न केवल उसे सहयोग करेगीए बल्कि ऐसे व्यक्तियों के गुण्डा सूची से नाम हटाने हेतु प्रतिवेदन पुलिस अधीक्षक को भेजा जाएगा। थाना प्रभारी ने यह भी स्पष्ट किया कि पुलिस लगातार उनकी गतिविधियों पर निगरानी रखे हुए है। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि वे आपराधिक छवि को छोड़ सामाजिक कार्यों से जुड़ेंए रोज़गारमूलक गतिविधियों में लगे और सामान्य नागरिक की तरह जीवन यापन करें।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युवक की मौत

**रायगढ़।** सोमवार की सुबह काम के सिलसिले में रायगढ़ आ रहे बाइक सवार दो युवकों को तमनार के पास अज्ञात वाहन के चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में एक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
जानकारी के अनुसार लैलूंगा के ग्राम होरूगुडा निवासी आकाश यादव (20) साल अपने बडे भाई प्रकाश और एक अन्य साथी के साथ एक मोटर सायकल और एक स्कूटी में सवार होकर किसी काम के सिलसिले में रायगढ़ आ रहे थे। सुबह करीब 9 बजे जैसे ही तीनों तमनार थाना क्षेत्र के ग्राम कसडोल के पास पहुंचे ही थे कि सामने की तरफ से आ रहे एक अज्ञात वाहन के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें जोरदार टककर मार दिया। इस दुर्घटना में आकाश यादव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसके साथी को गंभीर अवस्था में मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि आकाश के बडे भाई प्रकाश को हल्की चोट आने की बात कही जा रही है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी वाहन चालक फरार हो गया है।

## शिवालयों में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे, भक्तों ने की विशेष पूजा-अर्चना

# सावन के पहले सोमवार पर उमड़ी आस्था की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सावन महीने के पहले सोमवार को रायगढ़ के शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए गौरीशंकर मंदिर, कोसमनारा बाबा धाम, निकले महादेव मंदिर, मानकामेश्वर मंदिर सहित अन्य मंदिरों में पहुंचने लगे।

श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, जल और दूध चढ़ाकर भगवान शिव की आराधना की। पूरे दिन मंदिरों में ओम नमः शिवाय के मंत्र गूंजते रहे। भक्तों ने पूरी श्रद्धा और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सावन माह को देखते हुए शिव मंदिरों के बाहर पूजन सामग्री की दुकानें भी सज गई थीं। दुकानदार बेलपत्र, अगरबत्ती, धतुरे का फूल, माला जैसी सामग्री बेच रहे थे, जिसे बड़ी संख्या में श्रद्धालु खरीदकर मंदिरों तक पहुंच रहे थे। भक्तों ने बताया कि सावन का पहला सोमवार भगवान शिव की विशेष आराधना का दिन होता है। इस दिन कई लोग उपवास रखते हैं और मंदिरों में जल, बेलपत्र व दूध चढ़ाकर पूजा करते हैं। पूरे दिन मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही।



### रहता है पूजा का खास महत्व

गौरीशंकर मंदिर के पुजारी स्वामी शर्मा ने बताया कि सावन में हर दिन पूजा का महत्व है, लेकिन सोमवार का खास महत्व होता है। हिंदू शास्त्रों के अनुसार सोमवार को भगवान शिव की पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। सुबह से ही मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए थे और पूरे विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा की जा रही थी। श्रद्धालुओं का दृढ़ विश्वास है कि सावन में शिव पूजा करने से भगवान प्रसन्न होते हैं और मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

# कल्याण आश्रम के निर्माणाधीन चिकित्सालय का कलेक्टर ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को स्वर्गीय जगदेव राम उरांव कल्याण आश्रम चिकित्सालय के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने कार्य में तेजी लाने व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने निर्देशित किया।

- सीएसआर फंड से 35 करोड़ 53 लाख रूपए की लागत से बन रहा अत्याधुनिक अस्पताल

कार्य एजेंसी गृह निर्माण मंडल को बनाया गया है। कलेक्टर ने अधिकारियो को निर्देश दिए है और समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने माह 7 अप्रैल 25 को अस्पताल का भूमि पूजन किए थे। एनटीपीसी लारा के द्वारा सीएसआर फंड से चिकित्सालय के निर्माण के लिए 35 करोड़ 53 लाख रुपए दिया गया है। स्वर्गीय जगदेव राम उरांव कल्याण आश्रम चिकित्सालय का निर्माण मानव समाज के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अस्पताल के बन जाने से जशपुर और इसके आसपास के ग्रामीण अंचल के रहवासियों को लाभ मिलेगा। इस बार के बजट में जशपुर जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना, शासकीय फिजियोथेरेपी कॉलेज, शासकीय नर्सिंग कॉलेज और प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना के लिए राशि का प्रावधान किया है।


निर्माणाधीन अस्पताल परिसर का निरीक्षण करते कलेक्टर।

अत्याआधुनिक सुविधा युक्त होगा स्वर्गीय जगदेव राम उरांव कल्याण आश्रम चिकित्सालय कलेक्टरेट के समीप बनने वाले स्वर्गीय जगदेव राम उरांव कल्याण आश्रम में चिकित्सालय अत्याआधुनिक सुविधा युक्त होगा। 100 बिस्तरा के हॉस्पिटल में 15 ओपीडी, 4 आईसीयू, 4 ओटी, फिजियोथेरेपी, पाइथोलॉजी लैब, सीटी स्केन की सुविधा, डायलीसीस, एक्सरे, इमरजेंसी वार्ड, एमआरआई, ईसीजी सहित अन्य सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, गृह निर्माण मंडल के कार्यपालन अभियंता प्रफुल्ल, नगर पालिका अधिकारी जशपुर योगेश्वर उपाध्याय, गृह निर्माण मंडल के उप अभियंता आशीष रात्रे और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## मिनी इंडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य का निरीक्षण

बच्चे स्टेडियम में बास्केटबॉल शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस खेल सकेंगे


निर्माण एजेंसी को आवश्यक दिशा निर्देश देते कलेक्टर।

कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को 3 करोड़ 50 लाख की लागत से बन रहे मिनी इंडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने कार्य एजेंसी को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा है। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में स्टेडियम का निर्माण कार्य चालू इसके लिए खेल विशेषज्ञों को स्टेडियम का अवलोकन कराए ताकि खिलाड़ियों को खेल संबंधित सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। इंडोर स्टेडियम में खिलाड़ीयों को बास्केटबॉल, शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस सहित अन्य खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। स्टेडियम बन जाने जशपुर के खिलाड़ीयों को खेल अभ्यास करने में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत गृह निर्माण मंडल के कार्यपालन अभियंता प्रफुल्ल नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय, गृह निर्माण मंडल के उप अभियंता आशीष रात्रे और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## अटल परिसर के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश


गुणवत्ता पर नाराजगी जाहिर करते कलेक्टर।

कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को जिला संग्रहालय परिसर के पास बन रहे अटल परिसर के निर्माण कार्य का अवलोकन किया और गुणवत्ता को लेकर नगर पालिका अधिकारी पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कार्य एजेंसी को कड़ी हिदायत देते हुए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि गुणवत्ता पर किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती पर नगरीय निकाय और नगर पंचायत में अटल परिसर बनाने की घोषणा की थी और इसी कड़ी में जशपुर में भी बनाया जा रहा है। अटल परिसर राज्य के सभी नगर निगम,नगर पालिका, नगर पंचायत में बनाया जाएगा। कलेक्टर ने कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत गृह निर्माण मंडल के कार्यपालन अभियंता प्रफुल्ल नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय गृह निर्माण मंडल के उप अभियंता आशीष रात्रे और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## मुक्ति धाम के प्रवेश द्वार को ठीक करने के निर्देश


मुक्तिधाम का निरीक्षण करते कलेक्टर श्री व्यास।

कलेक्टर रोहित व्यास ने मुक्ति धाम में बन रहे प्रतीक्षालय भवन और अन्य निर्माण कार्य का अवलोकन किया। कलेक्टर ने निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही परिसर की नियमित साथ सफाई करने के लिए कहा है। उन्होंने मुक्ति धाम में डस्ट बिन रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मुक्ति धाम के प्रवेश द्वार को ठीक करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान निर्वाणा होटल के सामने डिवाइडर को बंद करने के लिए कहा है क्योंकि वहां जगह छोटा होने के कारण दुर्घटना होने की संभावना को देखते हुए कलेक्टर ने डिवाइडर बंद करने के निर्देश देने के साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण पूरा कराने के भी निर्देश जारी किए है। उन्होने मुक्तिधाम की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के भी अधिकारियों को आदेशित किए है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। मनोरा तहसील अंतर्गत ग्राम कारादरी निवासी रामजीत राम का नाले के पानी में डुबने से 20 जून 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी भिन्सारी बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में अब तक 4866.4 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 4866.4 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 14 जुलाई तक की स्थिति में 3177.4 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 113.2 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 527.5 मिमी, मनोरा में 629.6 मिमी, कुनकुरी में 666.3 मिमी, दुलदुला में 326.5 मिमी, फरसाबहार में 430.0 मिमी, बगीचा में 485.0 मिमी, कांसाबेल में 502.5 मिमी, पत्थलगांव में 399.3 मिमी, सन्ना में 545.2 मिमी एवं बागबहार में 354.5 मिमी वर्षा हो चुकी है।

### दुकान में चोरी करने वाला आरोपी धराया

**अम्बिकापुर।** शहर के फुंदुरडिहारी स्थित एक किराना दुकान में 20 दिनों पूर्व हुई चोरी के मामले में गांधीनगर पुलिस को आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंची एवं उससे चोरी के 3620 रूपए नगद व सामग्री बरामद की है। फुंदुरडिहारी निवासी तिरूपति स्टोर्स के संचालक कमलेश कुमार वर्मा ने 23 जून को दुकान का ताला तोड़कर चोरों द्वारा नगदी व सामग्री चोरी करने की रिपोर्ट गांधी नगर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने चोर का पता लगाने सीसीटीवी फुटेज को खंगाला तो एक युवक दुकान से नगदी व सामग्री चोरी करते नजर आया। मामले में बीएनएस की धारा 331(4), 305 (ए) का मामला पंजीबद्ध कर पुलिस ने सोनी मोहल्ला निवासी शिवांग चौहान (19वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने दुकान में चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी से नगदी व सामग्री जब्त करने के साथ ही उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है।

### घर में घुसकर नकदी रकम चोरी करने वाला गिरफ्तार

**राजपुर।** घर में घुसकर पेटी से 45 हजार रुपए चोरी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम घरघोड़ी निवासी 28 वर्षीय संदीप कुमार टोप्पो आ. जीवन राम टोप्पो ने पुलिस से शिकायत की थी कि 8 जुलाई की रात घर से लगे दुकान में प्रवेश किया और दुकान से घर के अन्दर आकर पेटी का ताला तोड़कर 45 हजार रूपए नगदी की चोरी कर ली थी। इस मामले में पुलिस द्वारा संदेह के आधार पर ग्राम घरघोड़ी निवासी 23 वर्षीय प्रवीण कोरवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस घटना में प्रयुक्त रॉड बरमाद करने के साथ ही आरोपी को बीएनएस की धारा 305 (ए) 331(4) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह, प्रधान आरक्षक नवीन साहू, राजेंद्र ध्रुव, आरक्षण रूपेश गुप्ता अन्य सक्रिय रहे।

### गौवंश की हत्या कर मांस खाने वाले 6 संदेही हिरासत में

**लखनपुर।** विकासखंड के ग्राम तिरकेला में गौवंश की हत्या कर मांस खाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने 6 संदेहियों को हिरासत में लिया है जबकि एक की तालाश चल रही है। पुलिस द्वारा गौ मांस भी बरामद किया गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। वहीं इस घटना को लेकर लोगों में रोष का माहौल है। बताया जा रहा है कि रविवार को थाना अंतर्गत ग्राम तिरकेला में ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई थी कि कुछ लोगों द्वारा गौवंश की हत्या कर मांस का बटवारा किया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने गांव में दबिश दी और गौ मांस खाने वालों की जांच शुरू की।

## पुलिस ने पेश की मानवता की मिसाल

# मानसिक रूप से पीड़ित लापता युवती को परिजन से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पुलिस ने एक बार फिर यह साबित किया है कि पुलिस न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने वाली संस्था है, बल्कि जब बात मानवता और संवेदनशीलता की हो तो वह समाज की सच्ची संरक्षक भी बन जाती है। जिले के दोकड़ा चौकी क्षेत्र में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ युवती को इलाज मुहैया कराकर व उसके परिजनों से मिलाकर पुलिस ने एक अनूठी मिसाल पेश की है।



### एसएसपी ने की टीम की सराहना

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने इस कार्य में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस की छवि को संवेदनशील, मानवतावादी और भरोसेमंद बनाना समय की आवश्यकता है। दोकड़ा पुलिस की यह पहल उसी दिशा में एक सकारात्मक कदम है। यह घटना पुलिस और जनता के बीच विश्वास की एक मजबूत डोर बनाती है। श्री सिंह ने इस सराहनीय सेवा के लिए टीम को नकद इनाम देकर पुरस्कृत किया।

### पुलिस की मदद से भावुक मिलन

13 जुलाई 2025 को पुलिस द्वारा मंजूषा को उचित दस्तावेजी प्रक्रिया के बाद थाना राजपुर में उसके परिजनों को सौंपा गया। परिजन अपनी बेटी को जीवित देखकर भावविभोर हो गए। उन्होंने जिला पुलिस का आभार जताया और कहा कि यह दिन उनके जीवन का सबसे सुखद दिन है।

### जंगल में पड़ी मिली थी युवती

11 जुलाई 2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह को सूचना मिली कि चौकी दोकड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम रेवड़ा के पास जंगल के रास्ते में एक महिला काफी गंभीर अवस्था में पड़ी हुई है। वह न तो ठीक से चल पा रही थी, न ही बोल पा रही थी। महिला की उम्र लगभग 30 वर्ष थी और वह अत्यधिक पीड़ा में थी। इस संवेदनशील सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए श्री सिंह ने दोकड़ा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अशोक यादव को निर्देशित किया महिला को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जाए और उसके परिजनों की तलाश की जाए। प्रभारी अशोक यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर रवाना हुई।

### सोशल मीडिया और नेटवर्किंग से मिली पहचान

महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण अपने बारे में कुछ भी बता पाने में असमर्थ थी। इसके बावजूद पुलिस ने हिम्मत नहीं हारी। सोशल मीडिया के माध्यम से आसपास के थाना क्षेत्रों, जिलों और अन्य राज्यों के सीमावर्ती इलाकों में महिला की जानकारी साझा की गई। पुलिस के नेटवर्क और प्रयासों का ही परिणाम था कि जल्द ही एक सुराग मिला। थाना राजपुर (जिला बलरामपुर) में वर्ष 2024 में दर्ज गुम इंसान रिपोर्ट क्रमांक 14/2024 दिनांक 23.02.2024 के अनुसार एक युवती कु. मंजूषा कुजूर, पिता बृजमोहन कुजूर, निवासी चौरा, थाना राजपुर लापता थी।

# फरार चल रहा गौ-तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में गौ-तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन शंखनाद के तहत जिला पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पिछले साल से फरार चल रहे गौ-तस्कर मनसूर खान को पुलिस ने झारखंड के बरगीडांड़ थाना रायडीह जिला गुमला से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 7 अगस्त 2024 को थाना लोदाम के साईंटांगरटोली में बड़ी मात्रा में गौ-तस्करी की सूचना पर पुलिस ने छापा मारा था। इस दौरान ड्रोन से निगरानी कर घेराबंदी की गई और मौके से 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि कुछ आरोपी भागने में सफल हो गए थे, जिनमें मनसूर खान भी शामिल था।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### 32 मवेशी और 18 वाहन जब्त

इस कार्रवाई में पुलिस ने 32 गौ-वंश, 9 पिकअप वाहन, 4 कार और 5 मोटरसाइकिलें जब्त की थीं। प्रकरण में अप.क्र. 42/2024 दर्ज कर छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

### घेरा बंदी कर आरोपी को पकड़ा

पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि फरार आरोपी मनसूर खान के घर आने की सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पूछताछ में उसने गौ-तस्करी में शामिल होने की बात कबूल की। इसके बाद उसे 13 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### अन्य आरोपियों की तलाश जारी

एसएसपी श्री सिंह ने बताया कि गौ-तस्करी में लिप्त अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि जिले में गौ-तस्करी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही जारी रहेगी।

### पुलिस टीम का योगदान

इस कार्रवाई में निरीक्षक हर्षवर्धन चौरासे, प्रधान आरक्षक कृपा सिंधु तिग्गा, आरक्षक हेमंत कुजूर और सुभाष तिर्की की अहम भूमिका रही।

## घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** महिला को घर में अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म करने और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। बलरामपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत रहने वाली महिला अपने पति के साथ रहती है। 9 मार्च को सुखलाल कोडाकु महिला को घर में अकेली पाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान आरोपी ने शिकायत करने पर महिला को जान से मारने की धमकी दी। वहीं 9 जुलाई को पुनः महिला को अकेली पाकर आरोपी घर में घुस गया और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जब महिला ने इसका विरोध किया और घटना की शिकायत पुलिस से करने की धमकी दी तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और दांत से काटकर फरार हो गया। लोक लाज के डर से महिला ने घटना की जानकारी किसी को नहीं लेकिन बार बार इस तरह की घटनाओं से परेशान होकर महिला द्वारा 12 जुलाई को मामले की शिकायत पुलिस से की गई। मामले में पुलिस ने बलरामपुर निवासी 25 वर्षीय सुखलाल आ. मोहन साय कोडाकु को बीएनएस की धारा 64(2)(एम) तथा 351(3) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## गुरु पूजन में शामिल होंगे पवन साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा श्री गुरुजी सेवा सदन संघ कार्यालय में श्री गुरु पूजन का कार्यक्रम 15 जुलाई मंगलवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक रखा गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संघ प्रचारक व भाजपा का प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय शामिल होंगे।

पवन साय का प्रवास गुरु पूजन कार्यक्रम के निमित्त हो रहा है संघ अपना गुरु परम पवित्र भगवा ध्वज को मानता है, सभी स्वयंसेवक इसी ध्वज के सामने वर्ष भर में एक बार धन राशि का समर्पण करते हैं। इसी धनराशि से संघ का वर्ष भर की गतिविधियां चलती है। संघ किसी प्रकार से बाहरी चंदा या सरकारी फंड नहीं लेता है। इसीलिए संघ को विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन कहते हैं। संघ देश के लिए एवं समाज के लिए कार्य करने में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाता है। देश में किसी प्रकार के विपदा एवं विपत्ति आने पर संघ हमेशा आगे रहता है।

## सड़क दुर्घटना के पीड़ितों के लिए उपचार योजना

**जशपुरनगर।** सड़क दुर्घटना पीड़ितों को नगदी रहित उपचार सुविधा प्रदान करने हेतु नगदी रहित उपचार स्कीम 2025 के अंतर्गत जिले में शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों की सूची जारी कर दी गई है।

- जिले में 11 अस्पताल शामिल

राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के संयुक्त प्रयास से जिले के कुल 9 शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों तथा 2 निजी चिकित्सालयों को इस योजना में शामिल किया गया है। इस स्कीम के तहत मोटर यान से हुई सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को दुर्घटना के तिथी से अधिकतम सात दिन की अवधि तक किसी भी नाम निर्दिष्ट अस्पताल में प्रति पीड़ति 01 लाख 50 हजार रुपये तक की नकदी रहित उपचार की सुविधा प्रदान की जाएगी। योजनानुसार कीसी पीड़ति का उपचार नाम निर्दिष्ट अस्पताल के अतिरिक्त किसी अन्य अस्पताल में किया जाता है तो वह केवल स्थिरीकरण प्रयोजनों के लिए किया जाएगा और यह मार्गदर्शी सिद्धांतों के तहत होगा। राज्य सरकार ऐसे सभी अस्पतालों को जो ट्रामा और पॉली-ट्रामा देखभाल प्रदान करने में सक्षम है। इस स्कीम के कार्यान्यवन के लिए नाम निर्दिष्ट अस्पतालों के रूप में शामिल करने के लिए सभी आवश्यक उपाय भी करेगी। जिला प्रशासन ने इस योजना की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की है, ताकि जरूरतमंद नागरिकों को इसका लाभ समय पर मिल सके। जिला चिकित्सालय जशपुर, समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोदाम, समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनोरा, समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुलदुला, समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुनकुरी, समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसाबहार, समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कांसाबेल, समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव और समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बगीचा हॉलीकॉस हॉस्पिटर कुनकुरी और एजी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर पत्थलगांव शामिल है।

## मामूली विवाद पर मारपीट, मौत

**राजपुर।** घरेलु विवाद को लेकर भतीजा और परिवार के सदस्यों ने मिलकर पहाड़ी कोरवा दम्पति और उसके पुत्र पर जान लेवा हमला कर दिया। इस घटना में मारपीट से गंभीर रूप से घायल ग्रामीण के पुत्र की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने मर्ग जांच उपरान्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जोकपाट निवासी 45 वर्षीय मंगरा आ. स्व. गंडा पहाड़ी कोरवा 7 जुलाई को अपनी पत्नी फदारी और पुत्र नवला के साथ मजदूरी करने गया हुआ था। तीनों शाम 7 बजे मजदूरी कर वापस जोकपाट की तरफ लौट रहे थे। जब वे अपने घर के समीप पहुंचे तो उसका भतीजा प्रमेश, भाई सोमरा और उसके पुत्र फुन्टू पहाड़ी कोरवा ने उनका रास्ता रोक लिया और घरेलु विवाद को लेकर तीनो ने मिलकर गाली गलौज करते हुए डंडे से मारपीट शुरू कर दी। इस घटना में मंगरा को पीठ, दाहिने हाथ व कंधे पर चोट लगा जबकि पत्नी फदारी के सिर में चोट आई। इस घटना में ग्रामीण के पुत्र नवला पहाड़ी कोरवा को सिर पर चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया और चल फिर नहीं पा रहा था। इस दौरान 10 जुलाई को 25 वर्षीय नवला पहाड़ी कोव्रा आ. मंगरा पहाड़ी कोरवा की मौत हो गई।

## बैंक लिंकेज के तहत 36 समूहों को 1.35 करोड़ की प्रदान की गई स्वीकृति

# मनोरा में मुद्रा लोन एवं बैंक क्रेडिट मेला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर


मुद्रा लोन एवं बैंक क्रेडिट मेला का आयोजन आज जनपद पंचायत मनोरा के सभाकक्ष में किया गया। इस बैंक मेले में मुद्रा योजना के तहत 23 दीदियों का कुल 21 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई।

इसके साथ ही बैंक लिंकेज फ्रेश प्रकरण के तहत 20 समूहों को का एक करोड़ 3 लाख 5 हजार रूपए एवं रिनिवल 16 समूहों को 31 लाख 50 हजार रुपए का स्वीकृति बैंकों के द्वारा किया गया । बैंक लिंकेज के तहत कुल 36 समूहों का 01 करोड़ 35 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। इस मेले में मनोरा के जनपद पंचायत अध्यक्ष परमेश्वर भगत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हैप्पी कमल कुजूर, जनपद सदस्य श्रीमती शोशण टोप्पो, कांता भगत, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रघुनाथ राम , डीपीएम अमीन खान, अखिल, मनोरा जनपद के समस्त एनआरएलएम की टीम, सीआरजीबी सोनक्यारी के ब्रांच मैनेजर, सीआरजीबी आस्ता एवं मनोरा के बैंक मैनेजर, एसबीआई के सहायक बैंक मैनेजर सहितं समूह के दीदियां उपस्थित रहे।


महिलाओं को मुद्रालोन का चेक प्रदान करते बैंक अधिकारी।


मुद्रालोन कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने यह निर्देश दिए कि हर आवेदनकर्ता को उनके प्रकरण के निपटारे की सूचना समय पर प्राप्त हो, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने कहा कि शासन का उद्देश्य है कि नागरिकों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ मिले। जनदर्शन जैसे माध्यमों से आमजन सीधे प्रशासन से जुड़कर अपनी समस्याएं साझा कर सकते हैं। प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को उनकी शिकायतों का समयबद्ध समाधान मिले आज जनदर्शन में लगभग 30 आवेदन प्राप्त हुए।

- जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निराकरण को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश



# सुपरमैन के मुंह से अपनी फिल्म का नाम सुन टाइगर श्रॉफ गदगद

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे टाइगर श्रॉफ ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट किया है। यह वीडियो हालिया रिलीज हॉलीवुड फिल्म सुपरमैन की हिंदी डबिंग का है। इस क्लिपिंग में सुपरमैन और हीरोइन के बीच बातचीत चल रही है। हिंदी डबिंग में हीरोइन कहती है, 'मैं नुक्कड़ नाटक करने वाली बागी लड़की हूं और तुम सुपरमैन हो।' इस पर सुपरमैन कहता है, मैं भी बागी हूं। इस पर हीरोइन कहती है, तुम बागी नहीं हो? इसके जवाब में सुपरमैन कहता है, मुझे 90 की बागी से लेकर बागी 1 से लेकर बागी 4 तक सब पसंद है। सुपरमैन के मुंह से अपनी फिल्म के डायलॉग और नाम सुनकर टाइगर श्रॉफ की खुशी का भी ठिकाना नहीं है।

लाइफ Style

# तृप्ति

## मधुबाला-मीना की करना चाहती हैं बायोपिक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तृप्ति डिमरी जल्द ही सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ 'धड़क 2' में नजर आएंगी। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वो मधुबाला या मीना कुमारी जैसी आइकॉनिक शख्सियतों की बायोपिक करना चाहती हैं।

अभिनेत्री ने यह भी बताया कि लैला मजनू की असफलता ने उन्हें निराश किया था, लेकिन बुलबुल की सफलता ने उनका आत्मविश्वास दोबारा लौटा दिया। मैं बहुत उत्साहित हूं, क्योंकि यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। सीक्वल में काम करना अपने आप में एक अलग अनुभव होता है, लेकिन मेरे हिसाब से प्रेशर लेना या न लेना, ये पूरी तरह व्यक्ति पर निर्भर करता है। मैं दबाव नहीं लेती। मेरा मानना है कि जब आप दबाव में काम करते हैं, तो चीजें बिगड़ने लगती हैं। असली जादू तब होता है जब आप बिना किसी दबाव के पूरी ईमानदारी से और अपने डायरेक्टर व टीम पर भरोसा रखते हुए काम करें। शूटिंग के दौरान हमने हर दिन को सहजता से लिया, एक-दूसरे पर भरोसा रखा और दिल से काम किया। शायद इसी वजह से स्क्रीन पर भी सब कुछ दिल से जुड़ा हुआ लगता है। करण जौहर सर का कॉल आया और उन्होंने कहा कि एक बेहद टैलेंटेड डायरेक्टर हैं शाजिया इकबाल। इन्होंने बेबाक नाम की शानदार शॉर्ट फिल्म बनाई है। उन्होंने मुझसे कहा कि पहले वो फिल्म देखो, फिर शाजिया तुमसे मिलेंगी। फिल्म देखने के बाद मैं बहुत इंप्रेस हुई और अगले दिन ही शाजिया और राइटर राहुल से मिली।



हॉलीवुड मसाला



# दूसरी बार मां बनने वाली हैं वेनेसा

**लॉस एंजिल्स।** वेनेसा हजेंस ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह अपना बेबी बंप दिखाती नजर आईं। इन तस्वीरों में उनके साथ पति कोल टकर भी नजर आ रहे हैं। दोनों ने मैचिंग व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी है। अपनी तस्वीरों के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन- 'राउंड टू।' वह तस्वीरों में काफी खुश नजर आ रही हैं। साल 2024 में जुलाई माह में वेनेसा ने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया था। अब वह दूसरी बार प्रेग्नेंट हुईं।



# सेंसर बोर्ड ने काट दिया सुपरमैन के किसिंग सीन

**मुंबई।** हालीवुड फिल्म सुपरमैन को जेम्स गन ने डायरेक्ट किया है। भारत में इस फिल्म में से 33 सेकंड का किसिंग सीन हटा दिया गया। यह सीन लीड कैरेक्टर सुपरमैन (डेविड कोरेंसवेट) और लोइस लेन (रेचल ब्रोसनाहन) पर फिल्माया गया है। फिल्म में इनके बीच रोमांटिक रिलेशन दिखाया जाता है। भारतीय सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट दिया और इसके किसिंग सीन को हटा दिया। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर सेंसर बोर्ड को ट्रोल किया जाने लगा। लोगों ने सेंसर बोर्ड के नियमों पर सवाल उठाए। जहां तक सेंसर बोर्ड का सवाल है तो उन्होंने फिल्म को यू/ए 13+ रेटिंग दी है। पैरेंट्स के गाइडेंस में इस फिल्म को 13 साल के बच्चे भी देख रहे हैं। यही कारण है कि फिल्म से किसिंग सीन हटाया गया है।



# विलेन की भूमिका निभाएंगी तब्बू

**मुंबई।** तब्बू की गिनती बॉलीवुड की उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में होती है, जिन्होंने अपने करियर में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। वो एक रोमांटिक रोल से लेकर फिल्मों में ग्रे और निगेटिव कैरेक्टर्स में भी नजर आई हैं। अब तब्बू के अगले रोल को लेकर भी एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। एक बार फिर तब्बू पर्दे पर एक अलग अंदाज में नजर आ सकती हैं। कुछ दिनों पहले मेकर्स ने ये जानकारी साझा की थी कि तब्बू पुरी जगन्नाथ द्वारा निर्देशित फिल्म में विजय सेतुपति के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी। अब ऐसी रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं कि तब्बू इस फिल्म में एक निगेटिव किरदार में नजर आएंगी। तब्बू पुरी जगन्नाथ की इस फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आ सकती हैं। हालांकि, अभी तक मेकर्स की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है।



# डॉन-3 में विक्रांत ही होंगे रणवीर के दुश्मन

**मुंबई।** 12वीं फेल जैसी फिल्मों से ऑडियंस का दिल जीतने वाले एक्टर विक्रांत मैसी इन दिनों अपनी फिल्म आंखों की गुस्ताखियां से खबरों में बने हुए हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाए कर पाने में फेल होती दिख रही है। लेकिन, एक्टर्स की परफॉरमेंस की तारीफ हो रही है। वहीं, डॉन 3 से विक्रांत को रिप्लेस कर विजय देवरकोंडा को कास्ट किया गया है। फिल्म की शुरुआत से ही रणवीर और विक्रांत को कास्ट किया गया है। विजय देवरकोंडा को लेकर चल रही अफवाहें बिल्कुल बेबुनियाद हैं। कास्ट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इससे ये कन्फर्म हो गया है कि डॉन 3 का सबसे बड़ा विलेन का किरदार विक्रांत ही निभा रहे हैं। हालांकि, अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक विक्रांत इस फिल्म में एक स्मार्ट और चालाक स्कैमर के किरदार में नजर आएंगे।

टीवी मसाला




# 19 साल की लड़की से रोमांस कर रहे 46 साल के शरद

**नई दिल्ली।** शरद केलकर को बतौर अभिनेता पहचान टीवी सीरियल्स के जरिए मिली। इसके बाद वह फिल्मों में सक्रिय हुए और अपने उम्दा अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। एक बार फिर से टीवी सीरियल 'तुम से तुम तक' में अपने किरदार को लेकर चर्चा में हैं। शो में उनका किरदार 46 साल के एक बिजनेस मैन का है, जो 19 साल की लड़की (निहारिका चौकसे) से प्यार करता है। इस 27 साल की उम्र के फासले को लेकर उनकी सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हो रही है। शरद केलकर ने नए सीरियल को लेकर हो रही आलोचना, विवाद पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'आजकल सोशल मीडिया ऐसा प्लेटफॉर्म बन गया है जहां हर कोई अपनी राय थोपता है। किसी को कुछ पसंद आता है, किसी को नहीं, इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता।' मैं एक एक्टर हूं और मुझे जो रोल मिला है, मैं उसे निभा रहा हूं। अगर यही चीज रियल लाइफ में होती, तब भी शायद मुझे फर्क नहीं पड़ता। ये सिर्फ एक किरदार है, कोई असल जिंदगी की कहानी नहीं।' आपके परिवार ने मुश्किल से आपको मोबाइल फोन दिलाया है, तो उसका सही इस्तेमाल कीजिए। कुछ अच्छा कीजिए, पॉजिटिव सोचिए। सोशल मीडिया पर निगेटिव बातें फैलाने से किसी का भला नहीं होता। शरद केलकर के अनुसार, 'ये इंसान की फितरत है कि वह पहले नेगेटिव चीजों की तरफ आकर्षित होता है।

## मां की जगह कोई नहीं ले सकता : रितु

नई दिल्ली। कुछ कहानियां कभी पुरानी नहीं होतीं। कुछ रिश्ते कभी फीके नहीं पड़ते। और कुछ चेहरे हमेशा हमारी यादों में बसे रहते हैं। जब यह खबर आई कि 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' एक बार फिर लौट रहा है, तो सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई। शो के नाम से जुड़ी कई पुरानी यादें लोगों के जेहन में ताजा हो गईं। लेकिन, एक सवाल सबसे ज़्यादा पूछा गया - 'बा कहां हैं?' 'मां की जगह कोई नहीं ले सकता' ये शब्द हैं सुधा शिवपुरी यानी बा की बेटी रितु शिवपुरी के, जो इस शो की वापसी को मां के नाम की एक श्रद्धांजलि मानती हैं। रितु ने कहा, मां इस शो का हिस्सा थीं और हम सब उन्हें उस दुनिया में जीते हुए देखते थे। अब जब शो दोबारा लौट रहा है, तो ऐसा लगता है जैसे वक्त ने कोई भूली-बिसरी किताब फिर से खोल दी है। 'क्योंकि...' का सेट उनके लिए सिर्फ एक काम की जगह नहीं था। वहां उन्होंने एक और घर बसाया था। वो हंसी, वो कहकहे, वो किसी के सिर पर हाथ फेर देना, ऐसा लगता था जैसे मां अपने दिल का टुकड़ा हर कोने में छोड़ आती थीं।' सिर्फ इतना ही नहीं, रितु ने मां की एक खूबसूरत आदत को भी याद किया।



# मालिक और आंखों की गुस्ताखियां पर हावी रही सुपरमैन

*मुंबई। इन दिनों सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुई हैं। कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कर रही हैं तो कुछ फिल्में औसत से भी कम कमाई कर रही हैं। देखा जाए तो हॉलीवुड की फिल्में बॉलीवुड फिल्मों पर भारी पड़ रही हैं।*

**मालिक** : दर्शक अक्सर राजकुमार राव की फिल्मों को प्यार देते हैं लेकिन उनकी नई फिल्म मालिक बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं कर पा रही है। ओपनिंग डे पर औसत से कम शुरुआत करते हुए फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 3.75 करोड़ रुपए का कारोबार किया। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 5.25 करोड़ रुपए कमाए। इस तरह से मालिक का अब तक टोटल कलेक्शन नौ करोड़ रुपए हो गया है। 11 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म में मानुषी छिल्लर अहम किरदार में हैं।




**आंखों की गुस्ताखियां** : शनाया कपूर की डेब्यू फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। ओपनिंग डे पर फिल्म की शुरुआत काफी खराब रही। पहले दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर महज 30 लाख का कारोबार किया। दूसरे दिन फिल्म वीकएंड का फायदा नहीं उठा सकी। दूसरे दिन फिल्म की कमाई 43 लाख रुपए रही। इस तरह से फिल्म ने अब तक टोटल 73 लाख रुपए का कारोबार कर लिया है। फिल्म में विक्रांत मैसी अहम किरदार में हैं।

**सुपरमैन** : पिछले कई दिनों से भारत में बॉलीवुड फिल्मों के मुकाबले हॉलीवुड फिल्में ज्यादा चल रही हैं। ऐसा ही फिल्म सुपरमैन के साथ भी हुआ है। फिल्म ने पहले दिन भारत में सात करोड़ रुपये से अपना खाता खोला। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 9.35 करोड़ रुपए का कारोबार किया। इस तरह से फिल्म ने अब तक 16.35 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म भी 11 जुलाई को रिलीज हुई थी।

***मेट्रो इन दिनों*** : *मल्टी स्टारर फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' ने वीकएंड पर एक बार फिर रफ्तार पकड़ी है। फिल्म ने ओपनिंग डे पर 3.5 करोड़ रुपए का कारोबार किया। पहले हफ्ते में फिल्म ने 26.85 करोड़ रुपए कमा लिए। दूसरे शुक्रवार को फिल्म की कमाई 2.35 करोड़ रुपए रही। दूसरे शनिवार को फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 4.65 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया। इस तरह से फिल्म ने अब तक 33.85 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म चार जुलाई को रिलीज हुई थी।*

***जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ*** : *हॉलीवुड फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए हुए है। भारत में 4 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 9.25 करोड़ रुपए का कारोबार किया। पहले हफ्ते में फिल्म ने 55 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने 2.9 करोड़ का कारोबार किया। इसके बाद शनिवार को फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 7.25 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया। इस तरह से फिल्म ने 65.15 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।*

# कुली के 'मोनिका' में पूजा का दिखा जबरदस्त अंदाज



**मुंबई।** थलाइवा रजनीकांत की आगामी फिल्म कुली का दूसरा सिंगल सॉन्ग मोनिका रविवार को रिलीज हुआ। इस गाने में पूजा ने अपने जबरदस्त डांस से फैंस का दिल जीत लिया है। इस गाने में पूजा रेट्रो अवतार में नजर आईं। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म कुली से पूजा हेगड़े का दूसरा सिंगल सॉन्ग मोनिका शेयर किया। इस लुक में पूजा रेड थाई स्लिट ड्रेस में बेहद ही खूबसूरत दिख रही हैं। पूजा का स्टाइल और डांस दोनों ही फैंस को पसंद आ रहा है। निर्माताओं ने पूजा के इस गाने का वीडियो शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'मोनिका, मेरी प्यारी मोनिका! लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित 'कुली' में रजनीकांत मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। रजनीकांत के अलावा फिल्म में कई स्टार कलाकार और आमिर खान का कैमियो है। यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कलानिधि मारन की सन पिक्चर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में रजनीकांत, नागार्जुन, उपेन्द्र, सौबिन शाहिर, सत्यराज, श्रुति हासन, रेबा मोनिका जॉन, जूनियर एमजीआर, मोनिशा ब्लेसी और काली वेंकट शामिल हैं।

## कोटा श्रीनिवास राव का फिल्मी और राजनीतिक सफर किसी प्रेरणास्रोत से कम नहीं

# सरकार से लेकर बागी तक बॉलीवुड फिल्मों में भी आए नजर

*मुंबई। दक्षिण भारतीय सिनेमा के चमकते सितारों में से एक नाम था कोटा श्रीनिवास राव, जिनका फिल्मी और राजनीतिक सफर किसी प्रेरणास्रोत से कम नहीं। एक ऐसे कलाकार जिन्होंने सिर्फ पर्दे पर नहीं, बल्कि थिएटर, राजनीति और निजी जीवन में भी संघर्षों को गले लगाते हुए एक मिसाल कायम की। बीते दिनों जब फिल्म प्रोड्यूसर बंदला गणेश ने उनके साथ एक तस्वीर शेयर की थी तो उसमें कोटा श्रीनिवास काफी कमजोर लग रहे थे। कोटा की सेहत देखकर उनके फैंस काफी चिंतित हो गए थे। लंबे समय से बीमार चल रहे कोटा श्रीनिवास राव ने रविवार सुबह अंतिम सांस ली।*



### डॉक्टर बनना चाहते थे

कोटा श्रीनिवास राव का जन्म 10 जुलाई 1942 को आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव कांकीपाडु में हुआ था। एक मध्यमवर्गीय परिवार में पले-बढ़े कोटा के पिता एक डॉक्टर थे और घर का माहौल शिक्षा-सेवा पर आधारित था। बचपन में कोटा का सपना भी डॉक्टर बनने का था, लेकिन किस्मत उन्हें एक अलग दिशा में ले गई। कॉलेज के दिनों में ही उन्हें नाटकों में अभिनय का चस्का लगा और यहीं से उनके सफर की शुरुआत हुई।

### हर रोल में छा गए

चाहे खलनायक का रोल हो या एक संवेदनशील पिता का, कोटा हर किरदार में पूरी तरह से ढल जाते थे। 'अतरिंटिकी डेरेडी', 'छत्रपति', 'बोम्मारिलु', 'शिवा' और 'गायम' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी को आज भी सराहा जाता है। उनकी भूमिका ने हमेशा यह साबित किया कि साइड रोल करने वाले अभिनेता भी मुख्यधारा की चमक को मात दे सकते हैं। अपने लंबे करियर में श्रीनिवास राव ने साउथ के कई बड़े एक्टर्स के साथ काम किया था। महेश बाबू, जूनियर एनटीआर, प्रभाव और अल्लू अर्जुन जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ कोटा श्रीनिवास काम कर चुके हैं।

### कब हुई कॅरियर की शुरुआत?

कोटा श्रीनिवास राव ने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की और फिर धीरे-धीरे फिल्मों की ओर कदम बढ़ाया। 1978 में आई तेलुगु फिल्म 'प्रणम खरीदू' से उन्होंने बड़े पर्दे पर एंट्री की। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और 750 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। उनका अभिनय सिर्फ संख्या तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हर किरदार में उन्होंने अपने अभिनय की गहराई से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई।

### विधायक के तौर पर भी काम किया

फिल्मों के साथ-साथ कोटा श्रीनिवास राव ने राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने 1999 से 2004 तक आंध्र प्रदेश विधानसभा में विजयवाड़ा ईस्ट से विधायक के रूप में जनसेवा की। एक अभिनेता और जनप्रतिनिधि के रूप में उन्होंने समाज के अलग-अलग पहलुओं को समझा और उन्हें अपनी कला के जरिए इसे पेश भी किया।

***हिंदी फिल्मों में भी किया काम*** : *कोटा श्रीनिवास राव ने कई हिंदी फिल्मों में काम किया था। उनकी प्रमुख हिंदी फिल्मों में 'सरकार', 'डार्लिंग', 'बागी' और 'लक' जैसी फिल्में शामिल हैं।*

***कोटा श्रीनिवास राव के अवॉर्ड्स*** : *कोटा राव को उनके अभिनय के लिए नौ बार राज्य नंदी पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। 2012 में उन्हें फिल्म 'कृष्णम वंदे जगद्गुरुम' के लिए सीमा पुरस्कार भी मिला। तमिल सिनेमा में भी उन्होंने 2003 में 'सैमी' फिल्म के जरिए खास पहचान बनाई। इसके अलावा उन्हें राष्ट्रपति द्वारा साल 2015 में पद्म श्री अवॉर्ड भी मिल चुका है।*

***किन फिल्मों के लिए मिला अवॉर्ड?*** : *अभिनय की दुनिया में महारत रखने वाले कोटा श्रीनिवास राव को नंदी अवॉर्ड्स के तहत प्रतिघातना (1985) के लिए स्पेशल जूरी अवॉर्ड, गायम (1993), तीरपू (1994), गणेश (1998), चिन्ना (2001) जैसी फिल्मों में विलेन की भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ खलनायक का पुरस्कार और लिटिल सोल्जर्स (1996), आ नालुगुरु (2004), पेलैना कोथालो (2006) के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के रूप में सम्मान मिला।*

## खबर संक्षेप




### पर्यावरण सुरक्षा के लिए सम्मानित हुए सीताराम

**पुसौर।** संस्कार पब्लिक स्कूल द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, पर्यावरण सहित समाज विकास से जुड़े अन्य कार्यो को धरातल में स्थापित करने आए दिन प्रयास किए जाते रहे हैं जिससे इनकी ख्याति प्रदेश स्तर पर है। संस्कार पब्लिक स्कूल में दाखिल हुए पालक बालक ये प्रमाणित करते रहे हैं कि संस्कार स्कूल में वास्तव में संस्कार तो जरूर है। इसी संस्कार के तहत रामचंद्र शर्मा के टीम ने बीते दिनांक को सामाजिक कार्य करने वाले, पर्यावरण संरक्षण में जुडे हुए लोगों सहित अन्य विधाओं में नामवर रहे लोगों को सम्मानित करने की योजना बनाया जिसमें पुसौर क्षेत्र के हरित सेवा समिति अध्यक्ष सीताराम चौहान को पर्यावरण सुरक्षा को लेकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक विजय अग्रवाल शामिल रहे जिनके हाथों सीताराम चौहान मेमोन्टो एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया।

### खुरसुला के जंगल में छापामार कार्रवाई



**बिलाईगढ़।** पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे, अनु अधि पुलिस विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना तथा जिले में जुआ सट्टा शराब जैसे अपराधों की रोकथाम हेतु निर्देश दिए गए, जिसके पालन में थाना प्रभारी उप निरी शिवकुमार धारी के नेतृत्व में बिलाईगढ़ के खुरसुला जंगल में जुआ खेलते 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### शारदा को अनुकंपा नियुक्ति पत्र

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कलेक्ट्रेट कक्ष में शारदा थवाईत को कार्यालय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सारंगढ़ में सेवा देने अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस कार्य में कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ के अधीक्षक लक्ष्मीनारायण यादव और स्थापना लिपिक विजय भूमिजन का सराहनीय योगदान रहा। उल्लेखनीय है कि शासकीय सेवक प्रेमप्रकाश थवाईत ससुर सहायक ग्रेड 3 के निधन पर उनके बहु शारदा थवाईत पति स्वर्गीय सुरेश कुमार थवाईत को चतुर्थ श्रेणी में अनुकंपा दी गई है।

### आवासीय सुविधा के साथ निशुल्क प्रशिक्षण

**सारंगढ़।** मंत्रालय भारत सरकार और शाही एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा युवाओं के कौशल को बढ़ाने और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में अनुभवी प्रशिक्षकों के साथ विशेष रूप से डिजाइन किया गया इंडस्ट्रियल सिलाई मशीन ऑपरेटर कोर्स का 6 सप्ताह का निशुल्क प्रशिक्षण आवासीय सुविधा के साथ दिया जा रहा है, जिसमें प्रशिक्षित उम्मीदवारों को कपड़ा उद्योग में इंडस्ट्रियल सिलाई मशीन ऑपरेटर के रूप में रोजगार मिलेगा। इसके लिए महिलाओं की आयु 18 से 35 वर्ष होनी चाहिए। दो पासपोर्ट फोटो, पांचवी कक्षा उत्तीर्ण और आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ समर्थ स्किल ट्रेनिंग सेंटर, शाही एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड आईसीआईसीआई बैंक के सामने पटेल विलाए रायगढ़ रोड सारंगढ़ में आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रशिक्षण के बाद ट्रेंड महिला को ब्रांडेड कंपनी में रोजगार के अवसर कोर्स पूर्ण होने के बाद सरकारी मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण प्रमाण पत्र और प्रतिष्ठित कंपनी में प्राइवेट नौकरी के अवसर दिए जाएंगे। प्रतिष्ठित कंपनी में प्राइवेट नौकरी में कर्मचारी राज्य बीमा निगम से इलाज सुविधा, पीएफ लाभए बोनस, नौकरी और कैरियर के अवसर, बेबी क्रेच, शिकायत निवारण कक्ष की सुविधा प्रदान की जाएगी।

## समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

# कलेक्टर ने चेताया: धान खरीदी से पहले पूर्ण हो जाए फार्मर रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि धान खरीदी के लिए पंजीकृत सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आगामी एक सप्ताह में पूर्ण की जाए ताकि खरीदी के समय कोई तकनीकी समस्या सामने न आए।

कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गिरदावरी का कार्य शुरू होने वाला है अतः किसानों के एग्री स्टेक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन में किसी भी प्रकार की ढिलाई न हो। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, अपर कलेक्टर रवि राही, अपूर्व प्रियेश टोप्पो, डॉ. प्रियंका वर्मा सहित सभी विभाग प्रमुख मौजूद रहे। धरमजयगढ़ क्षेत्र में निर्माणाधीन एमपीसी केंद्रों की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी जताई। बिजली आपूर्ति बाधित होने की शिकायतों पर उन्होंने सीएसईबी के ईई को निर्देश दिया कि ट्रांसफार्मर और विद्युत लाइन की समस्या को तत्काल दूर कर निर्माण कार्यों में तेजी लाएं। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास को व्यक्तिगत रूप से निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है।




### उद्योगों पर कड़ा रुख: व्हील वॉशिंग यूनिट अनिवार्य

पर्यावरण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उद्योगों की समीक्षात्मक बैठक लेकर परिसर और आसपास की सड़कों की नियमित सफाई, व्हील वॉशिंग यूनिट की स्थापना और रोड स्वीपिंग मशीन के संचालन की पुष्टि की जाए। निरीक्षण के बाद रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। कलेक्टर ने सभी आहरण संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर माह की 26 तारीख तक वेतन बिल ट्रेजरी में प्रस्तुत किए जाएं और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन प्रक्रिया समय रहते पूर्ण कर सेवानिवृत्ति के दिन ही प्रमाण पत्र सौंपे जाएं।

### जनदर्शन आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर बल

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने जनदर्शन में आए आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि समय सीमा में आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। दस्तावेजों की कमी हो तो आवेदकों को सूचित कर पूर्ण जानकारी मंगाएं और निराकरण की सूचना भी उन्हें अवश्य दी जाए। नगरीय निकायों को एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए ताकि आपसी विवादों के प्रकरण समय रहते निपटाए जा सकें।

### ई ऑफिस को लेकर सख्त निर्देश

बैठक के अंत में कलेक्टर ने ई ऑफिस को लेकर सभी अधिकारियों से कहा कि अब सभी विभागीय कार्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ही संचालित किए जाएं। उन्होंने कहा कि ई ऑफिस में नोटशीट, फाइल प्रेजेंटेशन और अनुमोदन की प्रक्रिया को अधिकारी जल्द समझें और अपनाएं, ताकि कामकाज की पारदर्शिता और गति सुनिश्चित की जा सके।



# विस्थापन की पीड़ा लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- कलेक्टर और सीईओ से की मुलाकात, पुनर्वास और मूलभूत सुविधाओं की उठाई मांग

ग्राम बरौद के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर रायगढ़ एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायगढ़ से मुलाकात कर कोल ब्लॉक के तहत किए जा रहे विस्थापन और अधूरे मुआवजा वितरण को लेकर अपनी व्यथा व्यक्त की। ग्रामीणों ने बताया कि कोयला धारक क्षेत्र अर्जन एवं विकास अधिनियम 1957 के अंतर्गत ग्राम बरौद की 85 प्रतिशत निजी भूमि एवं सम्पूर्ण गांव का विस्थापन किया जा चुका है, जबकि शेष 15 प्रतिशत भूमि अब भी अर्जन से बाहर है।

ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2014-15 से मुआवजा वितरण की प्रक्रिया जारी है, परंतु जिन किसानों की भूमि अर्जन क्षेत्र से बाहर रह गई वे अब भी उसी भूमि पर निवास कर रहे हैं। कुछ परिवारों ने अपने मकान भी बना लिए हैं और वहीं पर स्थायी रूप से रह रहे हैं। इसके अलावा गांव के आदिवासी वर्ग एवं अति गरीब परिवारों ने पंचायत क्षेत्र की शासकीय भूमि खसरा नंबर 11/1 पर मकान बनाकर रहना शुरू कर दिया है। वर्तमान में वहाँ 50 से 60 घर बन चुके हैं और कई परिवार उसी क्षेत्र को पुनर्वास स्थल मानकर बसने की तैयारी में हैं। ग्रामीणों ने चिंता जाहिर की कि गांव की दोनों शासकीय स्कूलें कोयला खदान क्षेत्र के निकट होने के कारण प्रभावित हो रही हैं। साथ ही आंगनबाड़ी, पंचायत भवन, अस्पताल जैसी अन्य सुविधाएं भी खनन क्षेत्र की सीमा में आती हैं, जिससे जनजीवन असुरक्षित हो गया है। प्रतिनिधि मंडल ने प्रशासन से मांग की है कि इन सभी संस्थाओं को खसरा नंबर 11/1 की शासकीय भूमि में स्थानांतरित किया जाए और वहाँ पुनर्वास हेतु सभी मूलभूत सुविधाएं जलए बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, चौदहवां वित्त आयोग, पंद्रहवां वित्त आयोग एवं जनहित योजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध कराई जाएं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन विस्थापित और प्रभावित परिवारों की मांगों पर कितनी त्वरित कार्रवाई करता है और उन्हें कब तक सुरक्षित एवं सुविधायुक्त पुनर्वास मिल पाता है।

## सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में भक्तों ने चढ़ाया आस्था का बेलपत्र



**खरसिया।** राष्ट्रीय राजमार्ग 49 में स्थित बरगढ़ प्रसिद्ध सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में सावन सोमवार को भक्तों ने चढ़ाया आस्था के बेलपत्र, जल सावन माह बड़ा है पवित्र माना जाता है वहीं इसमें सोमवार को विशेष दिन रहता है भगवान सिद्धेश्वर का वार भी कहा जाता है इसलिए सोमवार को विशेष रूप से पूजा अर्चना किया जाता है सावन महीने प्रथम सोमवार को प्रसिद्ध सिद्धेश्वर नाथ मंदिर बरगढ़ में हजारों भक्तों ने सुबह 4 बजे से कतार में लगकर सही भक्तों ने आस्था के जल बेलपत्र श्रीफल चढ़ाई और अपनी मनोकामनाएं मांगी सावन माह में भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से अपनी सभी ग्रह दोष नकारात्मक विचार सभी दूर होते हैं और जीवन में नया शुभ अवसर मिलता है इसलिए सावन सोमवार को विशेष पूजा अर्चना चना किया जाता है ताकि भक्त अपने दुख तकलीफ को शिव के को अर्पण करते हैं और भगवान शिव भोले भंडारी अपने भक्तों की दुख पीड़ा करते हैं तो आप भी आइये प्राकृतिक वादियों में बसे प्रसिद्ध सिद्धेश्वर नाथ मंदिर बरगढ़ में दर्शन करने पहुंचे।

# तमनार फ्लाई ऐश परिवहन संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**तमनार।** तमनार फ्लाई ऐश परिवहन संघ ने जिंदल पॉवर प्लांट में भू प्रभावित, स्थानीय वाहन मालिकों एवं ठेकेदारों को प्राथमिकता देने एसडीएम घरघोडा को ज्ञापन सौंपा गया है।

ज्ञापन में जिंदल पॉवर लिमिटेड तमनार में भू प्रभावित, स्थानीय वाहन मालिकों एवं ठेकेदारों का जमीन प्लांट एवं माइंस में प्रभावित हुआ है उसके एवज में हमको जिंदल प्रबंधन हमको हमारे क्षमता एवं योग्यता के अनुसार प्लांट में काम दिया गया था, जो कि आज लगभग बंद होने के कगार पर पहुँच गया है। जिससे स्थानीय लोगों का परिवार गुजर बसर करना समस्या ग्रस्त हो गया है। हमारी प्रमुख समस्याएँ 1. फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्टिंग में बाहरी ठेकेदारों एवं 2 पॉइंट की गाड़ियों का संचालन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाए। ओवरलोड परिवहन के चलते आम जनता, ट्रांसपोर्टर, जिंदल प्रबंधन एवं स्थानीय प्रशासन सभी को आए दिन विभिन्न समस्याएँ जैसे कि सडकों का स्थिति जर्जर हो जाना, आए दिन सडकों पर दुर्घटनाएं होते रहना और पर्यावरण प्रदूषण आदि होती ही रहती हैं, अतः ओवरलोड परिवहन बंद कर के फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्टेशन का दर प्रति टन भाड़ा बढाया जाए। 3. हमारे स्थानीय भू प्रभावित लोग कंपनी में जमीन देकर कंपनी में अपनी क्षमता एवं योग्यता के अनुसार विभिन्न प्रकार के काम कर के अपने परिवार का गुजर बसर करते आ रहे थे, किन्तु वर्त्तमान में प्लांट के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रों में बाहरी ठेकेदारों का सभी कार्यों में बोल बाला है, इसको पूर्व अनुसार सभी स्थानीय ठेकेदारों को कार्य वितरित किया जाए। तीन दिवस के भीतर सुनिश्चित करने की महानुकम्पा करें। उचित एवं संतोषजनक समाधान प्राप्त न होने की स्थिति में हम पूर्ण आर्थिक नाकेबंदी करने के लिए विवश रहेंगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिंदल प्रबंधन एवं प्रशासन की रहेगी।

### श्याम मंदिर में भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक

**चंद्रपुर।** हिंदू पंचाग के अनुसार सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित होता है और भूत भावन भोलेनाथ को अत्यधिक प्रिय होता है चंद्रपुर के श्याम मंदिर में सावन माह में भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया जा रहा है। जिसमें भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना विधि विधान से की जाएगी। प्रथम सावन सोमवार में स्वीटी कृष्णकांत अग्रवाल सपरिवार और नेहा अमन अग्रवाल ने दांपत्य जोड़े में बाबा भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया। रुद्राभिषेक में शिवलिंग पर जल, दूध, दही, शहद आदि चढ़ाकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की जाती है। साथ ही भक्तजन ॐ नमः शिवाय, एवं महामृत्युंजय का जाप करते हैं और भगवान शिव से अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना करते हैं। रुद्राभिषेक से ग्रह दोष, रोग और ऋण से मुक्ति मिलती है। साथ ही जीवन में सुख, समृद्धि, संतान प्राप्ति, विवाह, धन लाभ और मानसिक शांति की प्राप्ति होती है।

### जांच पर उठ रहा सवाल, मिलीभगत से स्कूल बचाने का आरोप

# बीईओ ने जांच में निजी स्कूलों को दिया अभयदान

**चंद्रपुर।** डभरा विकासखंड में शिक्षा विभाग की जांच प्रक्रिया एक बार फिर कटघरे में है। 25 जून को निजी किताबों और यूनिफॉर्म बेचने के मामले में जो जांच समिति बनाई गई थी, उसने खानापूर्ति कर अपने चहेते स्कूलों को खुला छूट दे दिया। विश्वनाथ जायसवाल और बीईओ श्यामलाल वारे को जांच की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन न तो रिपोर्ट में कोई ठोस कार्रवाई दिखी और न ही जवाबों में पारदर्शिता नजर आई। उल्टा बीईओ ने जवाबों को तोड़ मरोड़ कर पेश कर दिया, जिससे पूरे मामले की निष्पक्षता पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

शिक्षा विभाग की यह मिलीभगत अब शिक्षकों और अभिभावकों के बीच चर्चा का विषय बन गई है कि आखिर इन स्कूलों को अभयदान क्यों दिया गया। सूत्रों का कहना है कि बीईओ ने जांच में पारदर्शिता दिखाने की जगह अपने खास स्कूलों को क्लीन चिट देने का पूरा इंतजाम कर दिया। अभिभावक और शिक्षक सवाल कर रहे हैं कि आखिर जिन स्कूलों में नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गईं, उन पर कोई ठोस एक्शन क्यों नहीं लिया गया रिपोर्ट में जवाबों को तोड़ मरोड़ कर पेश कर दिया गया ताकि जांच को महज कागजों में निपटा कर मनचाहे स्कूलों को बचाया जा सके।



### पुनः जांच होगी

इसके पूर्व में हुई जांच प्रक्रिया की मुझे जानकारी नहीं है। मैं नई जांच टीम का गठन कर पुनः जांच कराऊंगी तथा दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई सुनिश्चित करूंगी।

**कुमुदनी बाघ द्विवेदी**
**जिला शिक्षा अधिकारी सक्ति**

### लीपापोती करने का आरोप

इस पूरे खेल ने साफ कर दिया है कि शिक्षा विभाग के अफसरों की जेब गर्म हो गई या फिर किसी ऊपरी दबाव में यह लीपापोती की गई। स्थानीय शिक्षकों में भी नाराजगी है कि जो स्कूल नियमों को ताक पर रखकर अभिभावकों की जेब काटते हैं उन्हें बीईओ की छत्रछाया क्यों दी जा रही है।

### अधिकारी की छवि से शिक्षा विभाग बदनाम

अब सवाल यह है कि क्या जिला शिक्षा अधिकारी इस मामले को दोबारा निष्पक्षता से देखेंगे या फिर फाइलों में धूल फांकती यह रिपोर्ट यूं ही दबा दी जाएगी। फिलहाल जांच के नाम पर चल रहे इस बंदरबांट ने शिक्षा विभाग की साख को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है।

# सामाजिक कार्यकर्ताओं ने छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री का वितरण किया

**सरिया।** शिक्षा के बिना यह जीवन बिल्कुल ही अधूरा है। शिक्षा वह साधन है एजो व्यक्ति को सफल और महान दोनों बनता है। सावन महीने के प्रथम सोमवार को नगर के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शासकीय प्राथमिक शाला डीपा पारा वार्ड क्रमांक 3 में स्कूली छात्रों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया। सामाजिक कार्यकर्ता मुरलीधर पाणिग्राही के नेतृत्व में शाला पहुंचकर कापी, कलम, पेंसिल सेट, पानी बोतल, बिस्किट, मिठाई इत्यादि चीजों को देकर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। संस्था के शिक्षिका किरण सोरेन ने कहा कि यह एक सकारात्मक कदम है। जो शिक्षा को बढ़ावा देने और छात्रों की मदद करने के लिए उठाया गया। इस तरह से छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिलती है तथा छात्रों को भी प्रोत्साहन मिलता है कि समाज उनके साथ है और उनके शिक्षा में मदद करने के लिए तैयार है। इस मौके पर वार्ड क्रमांक तीन के पूर्व पार्षद चंद्रशेखर चौहान ने सामाजिक कार्यकर्ता मुरलीधर पाणिग्राही के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों के मनोबल को बढ़ते हुए उनका सहयोग करना सामाजिक एवं जागरूक नागरिक की पहचान है किए वह अपने आसपास दूर दराज के लोगों की मदद कर उनके भविष्य को बनाने में सहयोग प्रदान किया।

# छिछौर उमरिया में रोपे गए सैकड़ों फलदार पौधे

**पुसौर।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार सम्पूर्ण भारतवर्ष में चल रहे संकल्प से सिद्धी कार्यक्रम के तहत अनेक महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे हैं। जिसमें से एक कार्यक्रम पौधरोपण का भी है। भारतीय जनता पार्टी मंडल पुसौर द्वारा शक्ति केन्द्र छिछौर उमरिया के सेवा सहकारी समिति छिछोर उमरिया में वृहद रूप से फलदार वृक्षों को रोपित किया गया।

भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने विधिवत रूप से एक पेड़ मां के नाम नारे के साथ पौधरोपण करते हुए सभी रोपित पौधों के सुरक्षा एवं देखभाल का भी संकल्प लिया।



भारतीय जनता पार्टी मंडल पुसौर द्वारा मंडल के दस शक्ति केन्द्रों में क्रमवार पौधरोपण किया जा रहा है। पौधरोपण के इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी पुसौर के मंडल अध्यक्ष जैमिनी गुप्ता, संकल्प से सिद्धी कार्यक्रम के मंडल संयोजक, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य ब्रजेश गुप्ता, मंडल के सह संयोजक एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री मंनोरंजन साहू, पौधरोपण कार्यक्रम के मंडल संयोजक लेकरु देहरी, सह संयोजक यशोदा गुप्ता, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य घनश्याम पटेल, मंडल महामंत्री द्वय डिग्री लाल पाईक, विजय गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वय ईश्वर गुप्ता, त्रिनाथ गुप्ता, पुसौर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, गुप्ता, बंशीधर गुप्ता, लेकरू नायक, अशोक गुप्ता, सुभाष भोए साहित सैंकड़ों की संख्या में भाजपाई सम्मिलित हुए।

## नेशनल हेल्थ मिशन के तहत चलाया जा रहा कार्यक्रम

# घर-घर की जा रही बीपी, शुगर और कैंसर की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देश पर जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ एफ आर निराला के देखरेख में नेशनल हेल्थ मिशन अंतर्गत जिले के सभी हॉस्पिटल, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, शिविर और घर घर जाकर गैर संचारी रोगों का स्क्रीनिंग किया जा रहा है। वर्ष 2025 के लिए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास जारी है।

जिले में 2 लाख 71 हजार 695 लोगों की जिनकी उम्र 30 वर्ष से ऊपर हो चुके है, मधुमेह की जांच करनी थी। इसके विरुद्ध जून 2025 तक 161548 यानी 59 प्रतिशत की जांच 3 माह में हो चुकी है। इतने की जांच में 13 हजार 553 व्यक्ति मधुमेह से ग्रसित पाए गए हैं। इनकी लाइन लिस्टिंग करके उपचार दी जा रही है इनमें से 4353 की फॉलोअप भी की गई है जबकि 3650 लोगों की मधुमेह कंट्रोल में है। ऐसे ही 2 लाख 71 हजार 695 लोगों की उच्चारक्त चाप याने ब्लड प्रेशर की जांच करने की लक्ष्य में से 1 लाख 58 हजार 493 लोगों की ब्लड प्रेशर की जांच की गई। इसमें 22011 लोगों का ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ पाया गया, जिसे उपचार में रखा गया। साथ ही साथ इनका समय समय पर फॉलोअप भी किया गया। फॉलोअप किए ब्लड प्रेशर के मरीज 7467 है। 7766 लोगों की ब्लड प्रेशर कंट्रोल में चल रहा है। सभी को नियमित रूप से आयुष्मान आरोग्य मंदिर हॉस्पिटल से दवाइयां प्रदाय की जाती है।



### खानपान और जीवनशैली में बदलाव जरूरी

मधुमेह और रक्तचाप दोनों बीमारी की रोकथाम के लिए दवाई के अलावा खानपान में और जीवन शैली में भी बदलाव करने होते हैं। ये मरीज अकेले दवाई दे देने से ही ठीक नहीं होते बल्कि इनकी उत्तम जीवन शैली को अपनाने से ही ये दोनों बीमारी कंट्रोल में आते हैं। शरीर में जब शक्कर ग्लूकोस की मात्रा बढ़ जाती है। शक्कर को पचाने के लिए इंसुलिन की जरूरत पड़ती है। जब शरीर के पैंक्रियाज से इंसुलिन नहीं बनती तब शक्कर की पाचन नहीं होती परिणाम खून में शक्कर की मात्रा बढ़ जाती है। ऐसे व्यक्ति को शक्कर की कम मात्रा लेनी होती चाहिए।

### तीस से कम उम्र वालों को भी हार्ट अटैक की शिकायत

30 वर्ष के कम उम्र के भी लोगों को हार्ट अटैक हो रही है। हृदय में नए नए स्ट्रोक भी हो रही है। गैर संचारी रोगों की श्रेणी में तीसरा बड़ा रोग कैंसर हैए जिसमें ओरल मुंह स्तन और सर्वाइकल कैंसर मुख्य है। इसकी भी स्क्रीनिंग नियमित रूप से की जा रही है। समुदाय में जिले अंतर्गत 30 प्लस 8 लोगो को मधुमेह और 14 लोग उच्चारक्त चाप से पीड़ित पाए गए। सीएमएचओ डॉ निराला ने सभी मरीजों से आग्रह किया है कि मधुमेह और ब्लड प्रेशर की शिकायत हो तो परहेज के साथ दवाइयां ले तथा योगा कसरत भी करे।

